>

Title: Need to take steps to control the fire in coal mines in Girdih Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र झारखंड प्रदेश के गिरिडीह पार्लियामेंट कांस्टीच्युंसी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। कोल इंडिया की इकाई सेन्ट्रल कोल फिल्ड लिमिटेड और भारत कोकिंग कोल यह दोनों जो सब्सिडियरी हैं यहां पर कोयला खदान में आग लगी हुई है। यहां पर करोड़ों रूपये का कोयला जल रहा है। कोल इंडिया, सीसीएल और भारत कोकिंग कोल द्वारा आग बुझाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। हमारे बेरमु प्रखंड के अंतर्गत बीएनके एरिया में कारोमाइन्स में आग लगी हुई है और प्राइम कोकिंग कोल जो विदेश से हम कोयला मंगवा रहे हैं वह कोयला जल रहा है। हम लोगों ने इस संबंध में वहां के पदाधिकारियों को जानकारी दी लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आपसे आग्रह है कि भारत सरकार उस पर अविलंब ध्यान दे। जो प्राइम कोकिंग कोल जल रहा है उसको बचाने का काम करें ताकि विदेशी मुद्रा बचे। सभापति महोदय, करोड़ों रूपये का नुकसान हो रहा है। आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Next hon. Member is Shrimati Botcha Jhansi Lakshmi. We have to wind up at 8 o'clock. Therefore, please restrict yourself and be brief.